# नगरपरिषद ने किए 4 तिरपाल के गोदाम सीज

**सुजानगढ ०4 अक्टूबर।** नगरपरिषद ने शक्रवार सुबह अवैध रूप से बने तिरपाल के गोदामों के खिलाफ बडा एक्शन लिया। नगरपरिषद के सचिव सुरेश चौहान के नेतृत्व में नगरपरिषद की टीम ने अवैध रूप से बनी गोदामों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इन्हें सीज किया है। नगरपरिषद के सचिव सुरेश चौहान ने बताया की गोदामों के खिलाफ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह के समक्ष नगरपरिषद की नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने शिकायत की थी, जिसके बाद एक टीम का गठन हुआ था। टीम द्वारा गोदामों के खिलाफ जांच की थी तो इनके पास ना तो गोदाम चलाने की स्वीकृति थी, ना ही भूमि का रूपतानरण किया गया था। शिकायत का सत्यापन होने के बाद नगरपरिषद की टीम ने अख्तर हुसैन, इस्लाम दईया, रोशन खींची, गौरीशंकर माली के गोदामों को आज सुबह 7 बजे नगरपरिषद के कार्मिकों के साथ सीज कर दिया। कारवाई के बाद तिरपाल व्यापारियों में हडकंप मच गया। नगरपरिषद के एटीपी उदय सिंह ने कहा की नियमो के विपरीत गोदामों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



**नगर परिषद ने सुजानगढ़ में बने अवैध गोदाम को सीज कर नोटिस चस्पा किया।**

## प्रतिभावान छात्राओं को टेबलेट बांटे

**सादुलपुर ।** मेधावी छात्र निःशुल्क टेबलेट वितरण योजना के अन्तर्गत चनानी रा.बा.उ.मा.वि. सिद्धमुख की 24 छात्राओं को प्रधानाचार्य ममता वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सुबह करीबन 11 बजे के आसपास टेबलेट वितरित किए गए। प्रधानाचार्य ममता वर्मा ने समस्त छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए बहुत गर्व का विषय है तथा भविष्य में भी छात्राएं मेहनत कर इस प्रकार की उपलब्धियाँ हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन करती रहे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने भी दूरभाष पर समस्त छात्राओं और विद्यालय स्टॉफ को बधाई दी। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिकों में सरपंच महावीर प्रसाद जागिंड, करतार टाण्डी, सीताराम प्रजापत, रामकुमार सिहाग, सुनील इन्दौरिया, सजंय महला, सजंय खुडिया एवं अन्य ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।



**झुंझुनूं ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झेरली की प्रिंसिपल और पीईईओ सुशीला शर्मा ने कहा है कि विद्यार्थियों के अंदर काफी प्रतिभाएं छिपी हुई है। जिन्हें खोजना जरूरी है। सुशीला शर्मा झेरली स्कूल में पीईईओ क्षेत्र की स्कूलों का आयोजित किशोर-किशोरी मेले के दरमियान विचार रख रही थी। उन्होंने कहा कि मेले में जो नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी खुद की सोच से प्रदर्शनियां लगाई है। उससे साबित होता है कि बाल मन में भी बड़ी सोच है। जिसे बाहर प्रदर्शित करना जरूरी है। इसके बाद इन्हें प्रोत्साहन भी जरूरी है। इस मौके पर कक्षा छह से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



**चूरू ।** अग्रसेन नगर स्थित शक्ति माता रानी मन्दिर में घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ समारोह पूर्वक हुआ। पंडित श्रीराम शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन नौ दिनों तक महिला मंडली द्वारा माता रानी के समक्ष भजन कीर्तन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनार्धन महाराज के सानिध्य में महाआरती व भजन कीर्तन का आयोजन प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से किया जाएगा।

## विज्ञान भ्रमण दल रवाना

**झुंझुनूं ।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया व संस्था सचिव इंजी पीयूष ढूकिया ने हरी झंडी दिखाकर साईंस पार्क नवलगढ़ भ्रमण के लिए रवाना किया। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर के द्वारा आस-पास अंचल के वैज्ञानिक प्रक्रिया युक्त कार्य स्थान के भ्रमण कार्यक्रम के तहत उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंजीनियर ढूकिया ने विद्यार्थी भ्रमण कार्यक्रमो द्वारा वैज्ञानिक प्रतिभा एवं नई-नई खोज के संबंध मे ज्ञान प्राप्त कर सके एवं शैक्षिक व सह शैक्षिक गतिविधियों का लाभ उठा सके। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय व गाइड प्राध्यापक प्रमोद कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# 13 अक्टूबर को होगी रंगारंग गरबा नाइट

**सीकर ।** लियो क्लब सीकर व लायंस क्लब सीकर प्राइड द्वारा आगामी 13 अक्टूबर,को शहर की सबसे बडी गरबा नाईट होटल सिया इन 2024 का आयोजन रानी सती गार्डन में हो रहा है।कार्यक्रम से इकट्ठी होने वाली धनराशि को क्लब की वर्षभर की गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाएगा।गरबा नाइट का टिकट विमोचन झुंझुनू बाईपास स्थित होटल सिया इन में किया गया।टिकट विमोचन कार्यक्रम में गरबा कमेटी के सदस्य,लायंस व लियो क्लब के सभी पदाधिकारियों व सीकर शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।लायंस क्लब प्राइड अध्यक्ष लायन मोहनीश चुग व लियो क्लब डायरेक्टर लियो सज्जन अग्रवाल ने बताया कि 300 रुपये की कपल/फैमिली चैरिटी टिकट ले शहर के सभी लोग 13 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम का आनंद ले सकते है।साथ ही टिकट होल्डर को 9 आकर्षक कूपन भी दिए जा रहे है। वे इस प्रकार हैं- यूनिमैक्स सच्चा सोना सोप,जैन डेंटल क्लिनिक, रंगरीति बीबा,जीविका सोनोग्राफी सेंटर, इंफिनिटी यूनिसेक्स ब्यूटी सैलून, पावर फिट जिम,तिरुपति डोसा, फाइनल टच होम डेकोर,गौरव हॉस्पिटल, हेल्थ गुरु शामिल हैं।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब द्वारा दर्शकों के लिए किसी भी प्रकार का पास अवेलेबल नहीं होगा।लियो क्लब अध्यक्ष लियो सुमित गौड़ ने बताया कि हर वर्ष के भांति,इस वर्ष भी कार्यक्रम की तैयारियां बेहद जोर शोर से जारी है।गरबा नाइट की तैयारी श्यामपुरा बालाजी इवेंट से लियो दीपांशु मित्तल द्वारा की जा रही है।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में इंटरनेशनल सेलिब्रिटी डी.जे गोवा से जोयु ,बेस्ट कपल,बेस्ट ड्रैस,बेस्ट परफॉर्मन्स,गुजराती गरबा,जयपुर से मशहूर डांस ट्रुप,जयपुर से मशहूर सेलिब्रिटी एंकर सचिन होंगे।साथ ही प्रतिभागियों के लिए व दर्शकों के लिए ढेर सारे इनाम व लकी ड्रा रखे गए हैं जो कि जीविका सोनोठााफी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा दिए जाएंगे। लियो अभिषेक तिवाडी ने बताया कि फूड पार्टनर में होटल सिया इन का तड़का रहेगा।साथ ही कार्यक्रम की देखरेख 22 सदस्य टीम द्वारा की जा रही है। इस दौरान टिकट विमोचन कार्यक्रम में लायन डॉक्टर जयराज सोनी, लायन मेघा अठावाल,लायन पूजा शर्मा, लायन सचिन अग्रवाल, लायन अजय अग्रवाल, लियो रितिका गोयल, लायन मनोज अग्रवाल, लायन त्रिलोक कुमावत,लायन पूनम शर्मा, लायन रेणु अठावाल,लायन राजीव लोचन शर्मा, लायन अलका शर्मा, लायन शिवकुमार अग्रवाल, लायन नेमीचंद जांगिड, लायन हरिप्रसाद मोदी, लायन अशोक शर्मा,लायन सरोज अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

# संत ओमनाथ महाराज ने किया रामलीला का शुभारम्भ

**चूरू, 4 अक्टूबर (कासं.)।** स्थानीय जिला मनोरंजन क्लब में शारदीय नवरात्रा महोत्सव के तहत भोलेनाथ कला मंच की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारम्भ गुरूवार रात्रि को नाथ सम्प्रदाय के प्रमुख संत ओमनाथ महाराज ने किया। जयश्रीराम के जयघोष के साथ चंचलनाथ टीला झुंझुनूं के पीठाधीश्वर संत ओमनाथ महाराज, समाजसेवी नारायण किरोड़ीवाल, संरक्षक रामचन्द्र तूनवाल ने फीता काटकर रामलीला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने दीप प्रज्जलित कर भगवान शिवशंकर की आरती की। अतिथियों ने कलाकारों का उत्साहवर्द्धन करते हुए वर्तमान समय में रामलीला मंचन को सराहनीय एवं अनुकरणीय प्रयास बताया।

संत ओमनाथ महाराज ने भगवान श्रीराम के आदर्शों का जीवन में अनुसरण करने की बात कही। प्रथम रात्रि में कलाकारों ने सरस्वती वंदना व शिव आराधना के बाद नारद मोह भंग प्रसंग का प्रभावशाली मंचन किया। गजानंद गौड़ ने भगवान शिव, पुनीत शर्मा ने माता पार्वती, विनोद राठी ने नारद मुनि, मनीष जांगिड़ ने इन्द्रदेव, मुकेश अग्रवाल ने कामदेव, घनश्याम शर्मा ने भगवान विष्णु, सुभाष प्रजापत ने कालदेव की भूमिका निभाई। इससे पूर्व मंच के अध्यक्ष भादरमल प्रजापत, उपाध्यक्ष राधेश्याम पापटान, कला निर्देशक हरीश शर्मा, संयोजक प्रमोद प्रजापत, रिछपाल राणोलिया, पुरूषोत्तम शर्मा, चुन्नीलाल प्रजापत, विनोद शर्मा आदि ने अतिथियों को शॉल एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। दर्शकों ने जयश्रीराम व जय हनुमान के जयकारों के साथ तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

## अनिल भांबू की मूर्ति का अनावरण आज

**झुंझुनूं, ।** नारनोद गांव के अमर शहीद सूबेदार अनिल कुमार भांबू की मूर्ति का अनावरण पांच अक्टूबर शनिवार को समारोहपूर्वक किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता राजेंद्र भांबू ने बताया कि शनिवार को सुबह 10:15 बजे नारनोद गांव में होने वाले मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि सूबे के पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होंगे। अध्यक्षता समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि एक्स सर्विसमैन लीग के प्रदेश अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल सतपाल सिंह कटेवा, पूर्व विधायक शुभकरण होंगे।

# सम्मान समारोह में वरिष्ठजन सम्मानित

**झुंझुनू ।** अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 पर अठासेन भवन झुंझुनूं मे गुरूवार शाम मुख्य समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएसीटी कोर्ट के न्यायाधीश अरूण कुमार अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी शरद चौधरी ने की। अति विशिष्ट अतिथि ट्रस्टी राजकुमार खेतान मुंबई की ओर से परमेश्वर हलवाई, विशिष्ट अतिथि पशुपति खेतान, श्रवण गोयनका, प्रदीप पाटोदिया, समिति अध्यक्ष संपत्त चुडैलेवाला, सचिव शिवचरण हलवाई, कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल, जयंती महोत्सव के मुख्य संयोजक रघुनाथ पोद्दार ने महाराजा अठासेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण के साथ प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष संपत्त चुडैलेवाला ने दिया एवं सचिव शिवचरण हलवाई ने समिति का वर्षभर की गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अध्यक्ष एसपी शरद चौधरी ने अपने प्रभावी उद्बबोधन में महाराजा अग्रसेन जी के जीवन चरित्र की व्याख्या करते हुए अठा बंधुओं से आ ान किया कि हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने प्रश्न मंच कार्यक्रम की तर्ज पर कुछ महाराजा अठासेन जी एवं अन्य विषयों पर प्रश्न आज के युवा वर्ग से पूछे और उन्हें सही जवाब पर पुरस्कृत भी करवाया। मुख्य अतिथि अरुण कुमार अठावाल ने भी अपने उद्बोधन में सभी को अग्रसेन जयंती महोत्सव की बधाई देते हुए समाज समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्य समारोह का आयोजन संयोजक संयोजक ठांथ जालान एवं हार्दिक जगनानी के संयोजन में प्रायोजक श्रवण गोयनका, गोयनका आईस फैक्ट्री के सौजन्य से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संयोजक तन्मय तुलस्यान एवं हर्ष खेतान के संयोजन में प्रायोजक पशुपति खेतान फूड मार्ट परिवार के सौजन्य से प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया। जिसमें शहर की छह स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें निर्णायक संगीता आर्य एवं ललित राठौड के निर्णय पर प्रथम आदर्श बाल निकेतन स्कूल, द्वितीय देहली पब्लिक स्कूल, तृतीय जीबी मोदी पब्लिक स्कूल एवं अन्य को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर राजस्थानी थीम पर युगल नृत्य प्रस्तुत किए गए। समापन से पूर्व मुख्य संयोजक रघुनाथ पोद्दार ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन हरीश तुलस्यान ने किया।

**कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पूरी :** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार नोडल प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय किठाना में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया सफलता पूर्वक पूर्ण हो गई है। महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में 57 विद्यार्थी प्रवेशित हुए हैं तथा साथ ही पांच विषयों भूगोल, राजनीति विज्ञान, एवं समाजशास्त्र में अध्यापन कार्य के लिए विद्या संबल योजना के अंतर्गत गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति कर दी गई है एवं महाविद्यालय में मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर नियमित कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं।

## आरोपियों को सजा

**सादुलपुर, (ओमप्रकाश)।** भटोड में घर में घुसकर तोडफोड करने तथा संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के दस वर्ष पुराने किया है।


कार्यालय तहसीलदार राजगढ (चूरू)

क्रमांकः-भू.अ./2024/3549

दिनांकः-04.10.2024

आम सूचना

हर आम को सूचित किया जाता है कि स्व. शुभकरण दुगड़ पुत्र पृथ्वीराज दुगड़ जाति ओसवाल दुगड़ निवासी राजगढ़ वार्ड न. 07 कस्बा राजगढ़ के द्वारा अपने जीवनकाल में रोही क़स्बा राजगढ़ में स्थित अपनी कृषि भूमि खसरा नंबर 1727 तादादी 1.44 हैक्टेयर की एकमात्र अंतिम वसीयत दिनांक 02.05.2015 को नोटेरी प्रमाणित होकर राजकुमारी शुभकरण दुगड़ पत्नी शुभकरण दुगड़ निवासी सी-608 पूनम अपार्टमेन्ट डॉक्टर अम्बे बसन्त रोड़ वरली मुम्बई महाराष्ट्र के पक्ष में निष्पादित की गई है।

प्रकरण नामांतरण दर्ज करवाने हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति आम या खास को उक्त वसीयत बाबत कोई उजर तथा आपति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस में इस न्यायालय में प्रस्तुत कर देवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जावेगी।

तहसीलदार (भू.अ.)
राजगढ (चूरू)


## सदस्यता अभियान की बैठक हुई

**चूरू, 4 अक्टूबर (कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चल रहे राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला परिषद् चूरू में जिला प्रमुख वन्दना आर्य की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान की बैठक की। इस अवसर पर जिला प्रमुख वन्दना आर्य ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर और सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबंद्ध पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किया है। उससे लोगो में विशेषकर महिलाओं में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान हम सब कार्यकर्ताओं को पार्टी की सेवा करने का मौका भी है। हम सब इस अभियान को आगे बढ़ायें और पार्टी के विचारधारा से लोगों को जोड़ें।

# अनिता पंत ने प्रधानाचार्या का पदभार ग्रहण किया

**झुंझुनूं, 4 अक्टूबर।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल में अनिता पंत शर्मा ने प्रधानाचार्या का पदभार ठाहण किया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि वे लगभग तीन दशकों से इस क्षेत्र में हैं। इस मौके पर प्रिंस ठ्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने ने कहा कि स्कूल का प्रत्येक विद्यार्थी उनके अनुभव का हर क्षेत्र उपयोग कर अपने-अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। डॉ. अनिता पंत शर्मा एक सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् हैं। वे लगभग तीन दशकों से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी यात्रा न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि कला, संस्कृति, संगीत, खेल, कविता, पर्यावरण और सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में भी काफी घटनापूर्ण रही है। वे अपने भविष्यदर्शी दृष्टिकोण और पाठ्यक्रम और पाठ्येतर मिशनों को प्राप्त करने में उत्कृष्टता के लिए अत्यधिक प्रशंसित हैं। उनके बहुमुखी कौशल उनके प्रदर्शन और उचित विचार-विमर्श में अच्छी तरह से परिलक्षित होते हैं। वे जिन संस्थानों से जुड़ी हैं, वे उत्कृष्टता के मॉडल में बदल गए हैं। वे एक उत्साही पाठक, छात्र कल्याण प्रचारक और एक सक्षम प्रशासक हैं। कर्म ही पूजा है, यही उनकी पहचान है। उनका व्यक्तित्व आकर्षक है और बच्चों के बीच बेहद लोकप्रिय। वह ब्लू प्रिंट प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए ''भारतीय कला का इतिहास'' की लेखिका हैं। वह 2011 से सीबीएसई की एक प्रसिद्ध संसाधन व्यक्ति और मास्टर ट्रेनर, प्रेरक वक्ता हैं और वह सीबीएसई की ओर से प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को प्रशिक्षण देती हैं। उन्हें 2023 में प्रशासन द्वारा नामित गणतंत्र दिवस पर शिक्षा में उनके योगदान के लिए केंद्रीय मंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वह हरियाणा बोर्ड की एएसी समिति की सदस्य, महिला एवं बाल कल्याण की सदस्य, केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय भिवानी की प्रबंधन सदस्य हैं। वह एक एनजीओ-'मददगार'चलाती हैं। उन्होंने अपने एनजीओ 'मददगार' से भिवानी और उसके आसपास 16 पुस्तकालय स्थापित किए हैं।

## योजना की सराहना

**सादुलपुर, (ओमप्रकाश)।** राज्य सरकार द्वारा बोर्ड परीक्षा सत्र 2०21-22 व 2०22-23 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैजुवा के मेधावी छात्रों को शुक्रवार दोपहर ०1 बजे के आसपास समारोह आयोजित कर अभिभावकों, एसडीएमसी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण में 17 टेबलेट वितरित किये गये। बोर्ड परीक्षा कक्षा 8वीं के चार, कक्षा 1०वीं के सात व कक्षा 12वीं कला के छः विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किये गये। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य राजेश कुमार पूनियां ने राज्य सरकार की इस योजना की सराहना की।

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**झुंझुनूं, 4अक्टूबर।** चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन स्कूल में लॉयंस क्लब की प्रेरणा से चित्रकला प्रतियोगिता का सफलतम आयोजन किया गया। शुरूआत में स्कूल सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक परमेश्वरलाल हलवाई ने अपने भाषण के माध्यम से सभी लॉयंस सदस्यों का स्वागत किया व लॉयंस क्लब द्वारा समाज में समय-समय पर किए जा रहे विभिन्न कार्यों से सभी को अवगत करवाया। कक्षा 5 से 9 के कुल 65 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। लॉयंस क्लब के द्वारा बेस्ट ड्राइंग बनाने पर 21 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड, लॉयन शिवकुमार जांगिड, लॉयन भगीरथप्रसाद जांगिड, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन योगेश खंडेलिया, लॉयन महिपाल सिंह, लॉयन उमर कुरैशी व लॉयन रघुनाथ पोदार उपस्थित रहे। क्लब के सदस्यों ने बताया कि बेस्ट चार विद्यार्थियों को चार्टर नाईट में पुरस्कृत किया जाएगा।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव सम्पन्न




**सात दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।**

**चूरू, 4 अक्टूबर (कासं.)।** सात दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद बाजोरिया थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संदीप अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार बजाज, मुरलीधर गोयनका व श्रीवल्लभ मंडावेवाला थे। इस दौरान अतिथियों ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं व विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह् व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद बाजोरिया ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं और अधिक मेहनत कर अपने माता-पिता और समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. संदीप अग्रवाल ने समाज हित में अपना योगदान देने की बात की। ताराचंद महनसरिया ने आगंतुक अतिथियों व समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शुभम बजाजए राघव चौधरी व शक्ति बजाज ने संयुक्त रूप से किया।


उत्तर पश्चिम रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-आर.जे.-अ.-24092024-257467
CG-RJ-E-24092024-257467
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II - खण्ड 3 - उप खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3831] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 24, 2024/आश्विन 2, 1946
No. 3831] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 24, 2024/ASVINA 2, 1946

रेल मंत्रालय
[उत्तर पश्चिम रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
जयपुर, 21 सितम्बर, 2024

**का.आ. 4189 (अ).**– केन्द्रीय सरकार, रेलवे (संशोधन) अधिनियम, 2008 (2008 का 11वा ) ( जिसे इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 (क) की उप-धारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण भाग II, खण्ड 3, उप-खण्ड (ii) तारीख 28 जून 2024 में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (उत्तर पश्चिम रेलवे निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या का. आ. 2503 (अ) तारीख 28 जून 2024 (जिसे इसके पश्चात उक्त अधिसूचना कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को राजस्थान राज्य के चुरू जिले मे विशेष रेल परियोजना अर्थात् चुरू-रतनगढ़ रेल दोहरीकरण परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए अर्जित करने के लिए अपने आशय की घोषणा की थी;

और, उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 20 क की उप-धारा (4) के अधीन स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों ''राजस्थान पत्रिका'' व ''दैनिक भास्कर'' मे तारीख 05 जुलाई 2024 को प्रकाशित किया गया था;

और, सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राप्त आक्षेपों को उक्त अधिनियम की धारा 20 घ (2) के अन्तर्गत सुनवाई के बाद अस्वीकार किया गया है;

और, सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20 ङ की उप-धारा (1) के अनुसरण मे अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को सौंप दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम, की धारा 20 ङ की उप- धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची मे विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी;

और इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20 ङ की उप-धारा (2) के अनुसरण में यह और घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची मे विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर, पूर्ण रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**रेलवे की स्पेशल परियोजना चूरु – रतनगढ़ दोहरीकरण के अंतर्गत चूरु – रतनगढ़ सेक्शन के लिए राजस्थान राज्य के चुरु जिले में अर्जन की जाने वाली संरचना रहित व संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण ।**

| क्र. सं. | तहसील का नाम | गाँव का नाम | खसरा संख्या | भूमि का प्रकृति | कुल रकबा | प्रस्तावित रकबा (हैक्टयर) | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रतनगढ़ | हनुमानपुरा | 97 | बा. दोयम | 0.6770 | 0.6770 | 1. मांगीलाल पुत्र खुमाराम हिस्सा- 1/2 जाति-नाई निवासी मोलीसरबडा खातेदार<br>2. शेराराम पुत्र खुमाराम हिस्सा- 1/2 जाति-नाई निवासी मोलीसरबडा खातेदार |

[फा.सं. उपरे/मुख्यालय/सं.&नि./443599200 भाग-9]
वेद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 1148-CR/24

## राहुल गांधी के बयान की निन्दा

**सादुलपुर** । लोकसभा नेता प्रतिपक्ष एवं कॉग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका दौरे के दौरान दिए गए बयान के विरोध में अनुसूचित जाति मोर्चा के लोगों ने शुक्रवार सुबह करीबन 10०.30० बजे मिनीसचिवालय राजगढ पर विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया तथा चूरू जिला प्रमुख वंदना आर्य के नेतृत्व में तहसीलदार राजगढ को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दिये गये ब्यान की कडे शब्दों में निंदा की। इस दौरान चूरू जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में आरक्षण के विरोध में बयान दिया है जिससे अनुसूचित जाति के लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे के दौरान आरक्षण को खत्म करने की बात कही, जिसका हम पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। इसी दौरान अनुसूचित जाति के लोगों ने मिनी सचिवालय राजगढ पर राहुल गांधी-के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदर्शन के दौरान जिला प्रमुख वंदना आर्य, रवि आर्य, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत मेहरा, सरपंच भाल सिंह मेहरा, हवासिंह, हनुमान, सुनील कुमार, कालूराम, कुमार सोनू, बजरंग शर्मा, जयवीर, हेमराज, मन्दरूप, जगवीर, संदीप सिंह, सतबीर, प्रवीण सहित अनुसूचित जाति के लोग शामिल हुए।

# रा.उ.मा.वि. मोडावासी में छात्र छात्राओं ने साफ सफाई अभियान चलाया

**सादुलपुर**, । राउमावि मोडावासी में छात्र छात्राओं ने ०2 अक्टूबर गांधी जयंती से लगातार चल रहे साफ सफाई अभियान के तहत श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाया। ज्ञात रहे कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को याद कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। नन्हें मुन्नों ने गांधी के बन्दर बनकर 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत बोलो' नृत्य नाटिका, रघुपति राघव राजाराम, रामधुनी आदि भजन गाकर मंत्रमुग्ध किया। पेडों की खरपतवार हटाकर कूडे कचरे को

■ गांधी के बन्दर बनकर 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत बोलो' नृत्य नाटिका, रघुपति

जलाया, शिक्षकों व बच्चों ने झाडू लगाकर विद्यालय परिवेश को स्वच्छ बनाया। प्रधानाचार्य रामचंद्र सिंह राठौड ने शास्त्री की ईमानदारी व कर्तव्य परायणता तथा गाँधी के सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, अश्पृश्यता, अनुशासन की नसीहत दी और बच्चों को झूठ नहीं बोलने, आज्ञाकारी बनने, बडे बुजुर्गो का सम्मान करने, गरीब व बेसहारा की मदद करने आदि की नैतिक शिक्षाएं दी। इस मौके पर प्रभारी मनोज पूनिया, शफी मोहम्मद, जितेंद्र मीना, सभ्यता सिंह, प्रीति श्योराण, सुमन काजला, संदीप दायमा, जंगवीर हरपालु, मानसिंह सहारन, छत्तु राम दमीवाल, अकरम मलवान आदि ने सहयोग किया व सफाई करवाई।



विद्यालय में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते विद्यार्थी।

## भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा

**रतनगढ** । भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ विधानसभा के आठो भाजपा मण्डलों की संयुक्त बैठक गुरुवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा ने कहा कि भाजपा पूरे देश भर में सदस्यता महा अभियान को संगठन पर्व के रूप में मना रही है, महाअभियान को और गति देने की आवश्यकता है तभी हम अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगें। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुँचाने एवं भाजपा के अधिकतम नए सदस्य बनाने का कार्यकर्ताओं से आव्हान किया।सदस्यता अभियान जिला संयोजक अभिषेक चोटिया ने सदस्यता अभियान की जानकारी विस्तृत रूप से कार्यकर्ताओं को बताई। कार्यक्रम संचालन अरुण पंचलगिया ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, अर्जुनसिंह फ्रांसा, एड बजरंग गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, शिवभगवान कम्मा, जगजीत सिंह पड़ीहारा, छापर नपा अध्यक्ष श्रवण सैनी, शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किसनलाल घोड़ेला,महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम शर्मा,मधु सैन,अमिता मुदगल,कौशल्या सैनी,अनीता महर्षि,सुशील इन्दौरिया,नन्दलाल सुरोलिया,ओम महर्षि, भीमराज प्रजापत,गोपालकृष्ण शर्मा,स्वरूप सिंह,विकास सारस्वत,राकेश गौड़,निरंजन रूंथला सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### कृषि प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

**सीकर** । शिक्षा, संस्कृत शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती करें, इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसान की आमदनी बढ़े और किसान के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और किसानों के चेहरों पर मुस्कान बनी रहें। शिक्षा मंत्री दिलावर शुक्रवार को खाटूश्यामजी में स्थित वृंदावनधाम धर्मशाला में बजाज फाउण्डेशन के जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट की ओर से 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय डॉ.सुभाष पालेकर कृषि प्रशिक्षण शिविर का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### निगरानी समिति की बैठक 15 को

**सीकर** । ठाामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्नयन के लिए ''जिला विकास समन्वयक और निगरानी समिति'' (दिशा) की बैठक 15 अक्टूबर 2024 को दोपहर 2.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में अमराराम सांसद सीकर की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी ।

### चयनित विद्यार्थियों का सम्मान

**रतनगढ** (निसं) पिस (विश्व शान्ति) पोस्टर प्रतियोगिता का केपीएस स्कूल रतनगढ़ में आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को लायंस क्लब वेस्ट रतनगढ़ द्वारा समानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियंका बारुपाल, द्वितीय स्थान शौर्य शर्मा, तृतीय स्थान पर नक्ष धायल रहा तथा ताईक्वाडो में नेशनल स्तर पर चयनित छात्रा कृतिका आलडिया का स्वागत किया तथा लॉन टेनिस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रा मोनिका, दिव्या थालोङ, कल्पना महिया का भी सम्मान किया गया। इस अवसर संस्था निदेशक ओमप्रकाश गोदारा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर लॉयन क्लब अध्यक्ष प्रदीप धर्ड, कोषाध्यक्ष मनोज जोशी, अनवर कुरेशी, गोपाल महर्षि, विकास जोशी सहित स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### धानुका विद्यालय का लहराया परचम

**रतनगढ़** । विद्या भारती द्वारा भीलवाड़ा में 1 से 2 अक्टूबर को आयोजित क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के भैयाओं ने विजय हासिल कर रतनगढ़ शहर का नाम गौरवान्वित किया है। कुश्ती खेल प्रभारी श्यामलाल शर्मा ने बताया कि छात्रों में 17 वर्ष में गौतम सैनी, कार्तिक पारीक व 19 वर्ष में वत्सल आत्रेय, भूपेन्द्र सिंह, भरत कुमार जोशी तथा विरेन्द्र चांवरिया ने स्वर्ण पदक तथा आदित्य शेखावत व करण भार्गव ने रजत पदक प्राप्त किये। स्वर्ण पदक विजेता राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुश्ती प्रशिक्षक कन्हैयालाल चौमाल के साथ साहरनपूर (उत्तर प्रदेश) जायेंगें। विद्यालय पहुँचने पर विद्यालय प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमाल, जींवण सिंह, दिनेश कुमार तिवाड़ी, राजेश बशीर, प्रकाशचन्द्र माली व नागरमल प्रजापत आदि ने स्वागत किया।

### चिकित्सा शिविर रविवार को

**पाटन** । नीमकाथाना में सर्व समाज व ब्राह्मण महासभा का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर दिनांक 6अक्टुबर रविवार को खेतड़ी मोड स्थित संकल्प क्लासेज परिसर के यहां आयोजित हो रहा है।अध्यक्ष प्रो.भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि इस बार शिविर में मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप शर्मा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.जुगल शर्मा अपनी सेवाएँ देंगे।सभी मरिज प्रात:9.30 बजे से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### जनसुनवाई 17 अक्टूबर को

**पाटन** । जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए अक्टूबर माह का त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके तहत शुक्रवार को ठााम पंचायत स्तरीय, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय एवं तृतीय गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर अमिता मान ने बताया कि अक्टूबर माह में ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई प्रथम गुरूवार को नवरात्रा स्थापना के राजकीय अवकाश होने के कारण 4 अक्टूबर को, उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई 10 अक्टूबर तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई 17 अक्टूबर को आयोजित होगी।

### प्रदेश अध्यक्ष से मिले डॉ. मालानी

**झुंझुनूं**, 4 अक्टूबर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ से जयपुर स्थित निवास पर भाजपा युवा नेता व समाजसेवी डॉ. मधुसुदन मालानी ने मुलाकात की। इस मौके पर डॉ. मालानी ने राठौड़ को अपने द्वारा लिखित पुस्तकों का सैट भेंट किया। राठौड़ ने डॉ. मालानी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि छोटी सी उम्र में समाजसेवा का बीड़ा उठाकर डॉ. मालानी भाजपा को मजबूत बनाने के लिए भी कोशिश कर रहे है। उन्होंने डॉ. मालानी से भाजपा के सदस्यता अभियान के अलावा प्रस्तावित उप चुनावों की तैयारियों में जुट जाने का आ ान किया। इस मौके पर डॉ. मालानी ने झुंझुनूं जिले से जुड़ी कई समस्याओं से भी राठौड़ को अवगत करवाया। जिस पर राठौड़ ने आश्वस्त किया है कि झुंझुनूं जिले के सर्वांगिण विकास के लिए भाजपा की दोनों सरकार कृत संकल्पित है।

### बालक में चैम्पियनशिप

**सीकर**। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के तैराकों ने चितौडगढ में आयोजित में 68वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के 19 आयु वर्ग बालक में चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया है।

## हरदीप सिंह ने सुरक्षा की मांग की

**सादुलपुर** । भ्रष्टाचार, चोरी, तस्करी, फर्जी मेडिकल, आरपीएससी में ओएमआर शीट बदलने के बडे-बडे स्कैण्डल सहित विभिन्न चर्चित मामलों को उजागर कर चुके एडवोकेट हरदीप सिंह ने अपनी जान को खतरा बताते हुए शुक्रवार को सुरक्षा की मांग की है। तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर गत दिनों केमिकल तस्करों की ओर से जानलेवा हमला करने तथा घटना के बाद सिद्धमुख थाना पुलिस की ओर से आत्म रक्षा के लिए उन्हें जारी लाइसेंस शुदा पिस्टल को गैर कानूनी तरीके से जमा करने की जाँच करने की मांग की है। एडवोकेट हरदीप सिंह ने इसके अलावा जब्त पिस्टल को रिलीज करवाने, असामाजिक तत्वों से अपनी जान को खतरे के मद्देनजर तुरंत सुरक्षा की मांग की है। लिखित शिकायत में एडवोकेट सुन्दरिया ने विभिन्न बिंदुओं को उल्लेखित करते हुए खुद की सुरक्षा के लिए जारी पिस्टल को तुरंत वापिस देने तथा जान को खतरे के मद्देनजर पूर्व में जारी पुलिस सुरक्षा को बहाल करने की मांग की है। साथ ही गत माह उन पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार करवाने की मांग की है। वहीं मामले को लेकर एडवोकेट हरदीप सिंह ने जिला कलेक्टर व एसपी चूरू को सुरक्षा प्रदान करने बाबत लिखित प्रतिवेदन सोंपा तथा बताया कि भ्रष्टाचार सहित जुडे अनेक बडे- बडे मामले उजागर करने के कारण कई बार उन पर व उसके परिवार पर जानलेवा हमले हो चुके हैं। जिसमें हिसार के चर्चित फर्जी मेडिकल रिपोर्ट मामले को उजागर करने के बाद हुए हमले के कारण हरियाणा हाईकोर्ट ने उनकी सुरक्षा के आदेश दिए थे। लगातार खतरे व सीआईडी रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान पुलिस ने भी उन्हें करीब चार साल तक सुरक्षा दी थी।

## छात्रा राशी ने बॉक्सिंग में जीता गोल्ड मेडल

**सादुलपुर** । सादुलपुर स्थित आशा देवी विद्यालय की छात्रा राशी द्वारा बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीतकर शुक्रवार को दोपहर ०2 बजे के आसपास विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया गया। निदेशक डॉ. कौशल पूनियाँ ने बताया कि जोधपुर में आयोजित 57 से 6० किलो भार वर्ग में आशा देवी विद्यालय की छात्रा राशी ने राज्य स्तर गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है तथा छात्रा का राष्टि य स्तर पर चयन हुआ है। विद्यालय पहुँचने पर संरक्षिका आशा देवी पूनियाँ व प्राचार्य विनोद कुमार ने माला पहनाकर छात्रा का अभिनंदन किया। कार्यऋम का संचालन शिक्षक प्रमोद शर्मा ने किया। अपने उद्बोधन में संरक्षिका आशा देवी ने बताया कि खेलकूद का हमारे जीवन में बडा महत्व है।

# शिक्षा मंत्री का किया पूर्व विधायक के नेतृत्व में स्वागत

**राजलदेसर** । राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर जयपुर से बीकानेर जाते वक्त रतन महल होटल में स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के सानिध्य में रखा गया । जिसमें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को साफा , शॉल , दुपट्टा, डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट करके सम्मान किया । इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं एवं आगे भी होंगे साथ ही राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार के शासन में गरीब को गणेश मानकर ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व्यापी सदस्य अभियान के तहत अधिक से अधिक भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा से जोड़कर सदस्य बनाएं । उन्होंने मोके पर फ़ोन से सदस्य भी बनाया । इस अवसर पर पूर्व विधायक भाजपा नेता अभिनेश महर्षि ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य होंगे साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की मनसा है।



मंत्री मदन दिलावर ( दाये से चौथे ) का पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के नेतृत्व में सम्मान किया।

# सफाई कर्मचारियों का संरक्षण सुनिश्चित करें : एम. वेंकटेशन

**चूरू** । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन शुक्रवार को चूरू दौरे पर रहे। उन्होंने यहां वाल्मिकी बस्ती का निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने जिला परिषद सभागार में समस्त जिला अधिकारियों तथा नगर निकाय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में आयोग अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों से संवाद किया और नगर निकाय वार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि सफाई कर्मचारियों को देय सुविधाओं का समुचित ध्यान रखें। उनके समस्त प्रकार के हित समुचित ढंग से सुरक्षित रहें, इसके लिए प्रॉपर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित उपकरण सफाई कर्मचारियों को मिलने चाहिए तथा उनको अपने कार्य का भुगतान समय पर होना चाहिए। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों की पीएफ, ईएसआई कटौतियां भी प्रॉपर ढंग से हों। आयोग अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि नियमित रूप से सफाई कर्मियों के मेडिकल चेकअप होने चाहिए। इसके अतिरिक्त महिला कार्मिकों के लिए प्रत्येक नगर निकाय ऑफिस में पृथक से शौचालय तथा चेंज रूम की व्यवस्था भी सुनिश्चित करवाई जाए। उन्होंने सफाई कार्मिकों से बात करते हुए उन्हें समय पर भुगतान, जूते कपड़े, ग्लब्स व अन्य उपकरणों की उपलब्धता के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने श्रम निरीक्षक से भी श्रमिकों की स्थिति के बारे में फीडबैक लिया और सफाई कार्मिकों के समुचित भुगतान एवं अन्य सुविधाओं की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

## राज्यपाल बागडे आज खाटूश्यामजी आएंगे

**सीकर** 4 अक्टूबर । जिला कलेक्टर मुकूल शर्मा ने बताया कि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 5 अक्टूबर 2024 को खाटूश्यामजी आएंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे जयपुर से 9.45 बजे सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर प्रात: 11.10 बजे खाटूश्याम जी पहुंचेंगे तथा खाटूश्याम जी मंदिर में पूर्जा- दर्शन करेंगे । राज्यपाल बागडे प्रात: 11.20 बजे खाटूश्यामजी मंदिर से प्रस्थान कर प्रात: 11.25 बजे वृन्दावन-धाम, धर्मशाला, खाटूश्यामजी में पहुंचेंगे तथा जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट, सीकर द्वारा आयोजित समारोह में भाग लेंगे । राजस्थान के राज्यपाल प्रस्थान कर जाएंगे।

## साफ सफाई व श्रमदान का कार्य किया

**उदयपुरवाटी** । निसं । कोट गांव की राजकीय उमावि में माय भारत झुंझुनूं, युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के क्रम में साफ सफाई कर स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । इस अवसर पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का आयोजन स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर आयोजित किया जा रहा है । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गांव, गल्ली, मोहल्ले में आमजन को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है । इस अभियान के तहत स्वयंसेवकों द्वारा साफ सफाई व श्रमदान का कार्य किया गया । प्रताप सिंह खेदड़ ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से राष्ट्र को कचरा व प्लास्टिक मुक्त बनाया जा रहा है । कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान व स्वच्छता अभियान की शपथ दिलाई गई । प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा ने इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया । इस कार्यक्रम में महेंद्र जांगिड़, रामावतार सैनी, बलराम गुर्जर, अमरसिंह मीणा, अमित भारद्वाज, चेतन योगी, अर्जुन कुमार, गणेश कुमार, मुनेश कुमार, शंकरलाल सहित कई स्वंयसेवक शामिल हुए ।

# आर.एस. मेमोरियल स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम मनाया

**सादुलपुर**। चूरू जिले की अग्रणी शिक्षण संस्था श्रीरावत सिंह स्मृति उच्च माध्यमिक विद्यालय का 33वां वार्षिकोत्सव विद्यालय प्रांगण में नगर शिक्षाविद् एवं पूर्व जिला शिक्षाधिकारी प्रतापसिंह कस्वां की अध्यक्षता में धुमधाम से मनाया गया। सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यऋम में विशिष्ट अतिथि रजिया गहलोत, अध्यक्ष नगरपालिका राजगढ, डॉ. सुमन जाखड, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारानगर, पुष्पेन्द्र झांझडिया थानाधिकारी राजगढ, डॉ. प्रभा पारिक राष्ट्रीय अध्यक्ष एआइपीएम नई दिल्ली, डॉ. सुशीला बलौदा प्रधानाचार्य रा. मोहता बालिका विद्यालय राजगढ, अरविन्द सुवटा प्रधानाचार्य रा. विद्यालय खुड्डी, शिक्षाविद, समाजसेवी एवं स्काउट आन्दोलन के जिला प्रधान रामावतार बैरासरिया, सुशील कुमार पूनियां जिलाध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार चूरू, रिटायर एएसपी नियाज मोहम्मद, नगर शिक्षाविद् हरिसिंह भाटी, गोपालराम सोलडा, बनवारीलाल सुणिया, मांगेलाल जांगिड, श्रीराम प्रजापत, ओमप्रकाश तानानिया, नवीन जांगिड, सुनिल कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष कंवर संस्था उपाध्यक्ष सांवरमल स्वामी थे। गणेश वन्दना, सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलित के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अध्यात्मिक, शैक्षिक, देशभक्ति एवं राजस्थानी, हरियाणवी व पंजाबी के अलावा शास्त्रीय नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वहीं बेटी बचाओ-बेटी पढाओं, दहेज विरोधी, धुम्रपान, नई एवं पुरानी पीढीगत बदलाव पर लघु नाटिका, गायन एवं एकांकी मुख्य आकर्षित कार्यक्रम रहे। झांसी की रानी के जीवनवृत पर आधारित लघुनाटिका, आदिवासी नृत्य एवं नन्ही बालिका रिया चौहान द्वारा प्रस्तुत देशभक्ती नृत्य ने तो सभी को भावविभोर कर दिया। संस्था निदेशक महावीर सिंह शेखावत ने सभी पधारे हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए सोच बडी, मेहनत कडी व पक्के इरादे के साथ विद्यार्थियों को अपने भविष्य को संवारने की प्रेरणा दी। संस्था अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मनोज न्यांगली ने आधुनिक समय में विद्यार्थियों में पनप रही विंसगतियों पर प्रकाश डालते हुए उनसे महापुरूषों के आदर्शो पर चलने का आहवान किया एवं गत शिक्षा सत्र में बोर्ड परिक्षाओं में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। डॉ. सुमन जाखड ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय उतरोतर प्रगति करते हुए विद्यार्थियों का सर्वागिण विकास कर रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत ने गृह परीक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हे गांधीजी एवं शास्त्रीजी के सिद्धांतो पर चलने की प्रेरणा दी। समारोह में डॉ.प्रभा पारीक ने गांधी दर्शन पर किये गये अपने शोध पर प्रकाश डालते हुए नारी सशक्तीकरण एवं समाज में व्याप्त कुरितियों पर चर्चा की। डॉ. सुशीला बलौदा ने खेलकूद एवं अन्य सहशैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्वच्छता, राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव रखने व कठिनाईयों से ना घबराकर आगे बढने का संदेश दिया। समाजसेवी रामावतार बैरासरिया ने अपने चिर परिचित ओजस्वी अन्दाज में महापुरूषों को याद करते हुए उनके सिद्धान्तों को अपनाने एवं विद्यार्थियों को प्रेरणास्पद कविताएँ सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य अरविन्द सुवटा ने विद्यार्थियों को सोच बडी, मेहनत कडी व पक्के इरादे के साथ संस्था प्रधान शेखावत की तरह अपने भविष्य को संवारने की प्रेरणा दी। साथ ही मोबाईल के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला।

## पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**सीकर** । लायंस क्लब सीकर व लायंस क्लब सीकर सुरभि द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन चितलांगिया स्कूल, बजाज रोड, सीकर में किया गया। लायंस इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई1 अनंता रीजन 12 जोन 2 द्वारा ''अनमोल खुशियां सेवा सप्ताह'' मनाया जा रहा है। जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. प्रीति जैन के नेतृत्व में, जोन 2 के अंतर्गत आने वाले तीनों क्लब्स को एक साथ सेवा कार्यों में सम्मिलित किया गया है, जिससे अनमोल खुशियों का संदेश सभी तक पहुँचाया जा सके।डायमंड क्लब अध्यक्ष लायन सज्जन अठावाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शांति के संदेश को लेकर अपने रचनात्मक पोस्टर्स के माध्यम से अपनी सोच प्रस्तुत की। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को लायंस क्लब सीकर डायमंड द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।लायंस क्लब सीकर के अध्यक्ष लायन शिवकुमार अठावाल ने बताया कि यह सेवा सप्ताह 2 अक्टूबर से लेकर 8 अक्टूबर तक धूमधाम और खुशियों भरा मनाया जा रहा है, जिसमें विश्व शांति रैली,वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान,पीसेंइस दौरान क्लब्स के सदस्यों ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, और कार्यक्रम की शुरुआत बहुत ही शानदार रही। भविष्य में भी ऐसे ही सेवाभावी आयोजन होते रहेंगे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान




उत्कृष्ट कार्य करने वालो ंको सम्मानित करती जिला प्रमुख वंदना आर्य एवं अन्य अधिकारीगण

**सादुलपुर** । पंचायत समिति सभागार राजगढ में शुक्रवार को नीति आयोग के आशान्वित ब्लॉक का कार्यऋम हुआ। सम्पूर्णता अभियान के इस समापन समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। अतिरिक विकास अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य थी।विशिष्ट अतिथि गण हेमराज गागडवास सहित मुख्य आयोजना अधिकारी पूजा मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, सहायक विकास अधिकारी विजयदान आदि थे। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि हम सबको मिलकर ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिये समर्पित प्रयास कर अपने ब्लॉक को हर पैरामीटर पर सम्पूर्णता की ओर लेकर जाना है। सीबीईओ बबलेश शर्मा ने अभियान के तहत शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। डब्ल्यूएचओ के जिला प्रभारी डॉ. इरफान सैयद ने जीरो डोज, पूर्ण टीकाकरण के बारे में आंकडे साझा किए। अतिरिक्त विकास अधिकारी अशोक कुमार ने सभी का आभार जताया। मंचस्थ अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्पूर्णता अभियान की शपथ दिलाई व हस्ताक्षर अभियान के रूप में सभी अतिथियों ने अपने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र कुमार ने किया।

## कार्यकारिणी का हुआ सम्मान

**झुंझुनूं**, 4 अक्टूबर। शहर की जानी मानी संगीत संस्था बज्म ए मौसिकी की नई कार्यकारिणी, संरक्षक व सदस्यों का स्वागत सत्कार किया। स्वागत सत्कार में सभी चुने हुए पदाधिकारी एवं सदस्यों का साफा, शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संरक्षक एमडी चोपदार व अली हसन बाबू भाई ने बताया कि जिस मकसद से संस्था को बनाया गया है। अब ये काम संस्था बखूबी करने जा रही है। शहर की छुपी हुई प्रतिभाओं का आगे लाने का काम बज्म ए मौसिकी अपने नए रूप में करने जा रही है। संस्था के अध्यक्ष सरफराज अली खान ने बताया कि बज्म के सचिव और झुंझुनूं के मशहूर गायक जाकिर अब्बासी ने हमेशा ही नए कलाकारों को लाने का काम किया है और उनको मंच दिलाया है। जिसके बहुत से उदाहरण देखे जा सकते है। संस्था के संरक्षक डॉ. जगदेवसिंह व सदस्य अकराज कुरैशी ने बताया कि आगामी दीपावली पर बज्म की ओर से एक शानदार सद्भाव प्रोठााम की रूप रेखा बनाई जा रही है और झुंझुनूं शहर की गंगा जमुनी तहजीब को ध्यान में रखकर एक शानदार सद्भाव कार्यक्रम का आयोजन बज्म द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर बज्म में आए नए कलाकारों रेहान खान ने 'तू कुजा मन कुजा' सूफी गीत से अपनी खूबसूरत आवाज से माहौल को खुशनुमा किया। वहीं बज्म के दूसरे गायक गफ्फार शेख ने रफी का गीत 'रहा गर्दिशो में हर दम' सुनाकर वाह वाही लूटी। इस शानदार स्वागत कार्यक्रम में संस्था संरक्षक एमडी चोपदार, अली हसन किया।

